**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 21.08.2025 समय : 1850

**<><><><><><><>**

- ऑनलाइन गेमिंग सम्वर्धन एवं विनियमन विधेयक राज्यसभा में भी पारित हुआ।
- संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित।
- जहाजरानी सेवा निदेशालय ने कच्छाल द्वीप के लिए जहाज़ सेवाएं फिर से शुरू कर दी गई हैं।
- अंडमान निकोबार शतरंज संघ अंतर्राष्ट्रीय ओपन फिडे रेटेड शतरंज टूर्नामेंट–दो हजार पच्चीस का आयोजन करेगा।

<><><><><><><>

केंद्र सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग को नियंत्रित करने के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए आज राज्यसभा में ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक दो हजार पच्चीस पारित कर दिया। भारी हंगामे और नारेबाजी के बीच बिना चर्चा के यह बिल मंजूर हुआ। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस विधेयक को पेश करते हुए इसे मध्यम वर्गीय परिवारों और युवाओं की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण बताया। यह बिल बुधवार को लोकसभा से पहले ही पारित हो चुका था। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह विधेयक ऑनलाइन गेमिंग के दो–तिहाई हिस्से, जैसे ई–स्पोर्ट्स और शैक्षणिक खेलों को बढ़ावा देगा, जबकि ऑनलाइन मनी गेमिंग पर पूरी तरह रोक लगाएगा। उन्होंने कहा, "ऑनलाइन मनी गेमिंग मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए एक बड़ी समस्या बन चुकी है। कई परिवारों की जिंदगी भर की बचत इसमें चली गई। पैंतालीस करोड़ लोग इसकी चपेट में हैं, और बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की मेहनत की कमाई नष्ट हो चुकी है। कई लोगों ने इसके कारण आत्महत्या तक की है।" उन्होंने इसे ड्रग्स की तरह गंभीर समस्या करार दिया।

<><><><><><><>

लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई है। मॉनसून सत्र इक्कीस जुलाई को शुरू हुआ था। सदन की कार्यवाही जब दोपहर में पहले स्थगन के बाद शुरू हुई तो लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि इस सत्र के दौरान चौदह सरकारी विधेयक पेश किए गए और कुल बारह विधेयक पारित हुए। उन्होंने कहा कि दो दिन की विशेष चर्चा भी ऑपरेशन सिंदूर पर हुई जिसका समापन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उत्तर के साथ हुआ। अध्यक्ष ने बताया कि लोकसभा की विशेष चर्चा में भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की उपलब्धियाँ गिनाई। श्री बिरला ने व्यवधानों के कारण हुई समय की बर्बादी पर अप्रसन्नता व्यक्त की।

राज्यसभा का सत्र भी अनिश्चत काल के लिए स्थगित कर दिया गया। सत्र का अंतिम दिन भी काफी हंगामेदार रहा और विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी। हंगामे के बीच ही आनलाइन गेमिंग से जुड़े एक महत्वपूर्ण विधेयक को पारित किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल कोलकाता में पश्चिम बंगाल को तीन नये मेट्रो रूट सहित पांच हजार दौ सौ करोड़ रुपये की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री शहरी कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने वाली कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। इस दौरान वे करीब चौदह किलोमीटर लंबे तीन नए मेट्रो खंडों का शुभारंभ करेंगे तथा सात दशमलव दो किलोमीटर लंबे छह लेन वाले कोना एक्सप्रेसवे का भी शिलान्यास करेंगे। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस अवसर पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी आमंत्रित किया है। वैष्णव ने बताया कि पश्चिम बंगाल में इस समय तिरासी हजार सात सौ पैंसठ करोड़ से अधिक की रेल परियोजनाएं प्रगति पर हैं, जिनमें से तेरह हजार नौ सौ पचपन करोड़ की राशि इस वर्ष के बजट में स्वीकृत की गई है।

<><><><><><><>

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से भेंट की। रक्षा मंत्री ने उनकी उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी और इसे मानव अंतरिक्ष उड़ान की दिशा में भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। रक्षा मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि उनकी प्रेरणादायक यात्रा युवाओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष अन्वेषण में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेगी।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय ने जानकारी दी है कि कच्छाल द्वीप के लिए जहाज़ सेवाएं फिर से शुरू कर दी गई है। इससे निकोबार जिला और कच्छाल द्वीप के लिए समुद्री संपर्क आसान हो जाएगा। इस सम्बन्ध में कई बार कच्छाल के स्थानीय निवासियों की ओर से इस सेवा को पुनः चालू करने की माँग की गई थी। यात्रियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस सेवा को फिर से बहाल कर दिया गया है।

<><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से वित्त वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए अनुदान सहायता योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता के लिए अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह स्थित पंजीकृत सांस्कृतिक संगठनों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। वित्तीय सहायता के लिए पात्र संगठनों को पंजीकृत होना चाहिए और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में पंजीकृत कार्यालय होना चाहिए। ऐसे संगठन कला एवं संस्कृति, राष्ट्रीय एकता और सांप्रदायिक सद्भाव के प्रचार में सक्रिय रूप से शामिल होने चाहिए। इन क्षेत्रों में कम से कम एक वर्ष से कार्यरत होना चाहिए। प्रत्येक पात्र संगठन को पच्चीस हजार रुपये का अनुदान दिया जाएगा। आवेदन के लिए निर्धारित प्रारूप वेबसाइट www.artand.culture@and.nic.in या कला और संस्कृति निदेशालय से प्राप्त किया जा सकता है।

<><><><><><>

टैगोर गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन के रेड रिबन क्लब ने आज अंडमान और निकोबार एड्स कंट्रोल सोसाइटी के सहयोग से पाँच किलोमीटर की हाफ मैराथन रेड रन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में फिटनेस को बढ़ावा देना और जागरूकता फैलाना था। मैराथन को सुबह छह बजे टैगोर कॉलेज के प्रधानाचार्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौड़ में कुल अटठहत्तर प्रशिक्षुओं ने भाग लिया, जिनमें सतावन महिलाएँ और इक्कीस पुरुष प्रतिभागी शामिल थे। लड़कों की श्रेणी में अनिमेष उराव ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं पुनीत साईं पहले रनर–अप और सी. मोहम्मद जशीम दूसरे रनर–अप रहे। लड़कियों में स्तुति ने शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि एस. हर्षिता पहली रनर–अप और पिपाशा हलदर दूसरे रनर–अप रहीं।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार शतरंज संघ अंतर्राष्ट्रीय ओपन फिडे रेटेड शतरंज टूर्नामेंट–दो हजार पच्चीस का आयोजन करेगा। यह आयोजन तेईस से अट्ठाईस अगस्त तक डॉलीगंज स्थित जलसा में आयोजित किया जाएगा। इस टूर्नामेंट में विभिन्न राज्यों के लगभग तीन सौ पचास खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इनके अलावा नेपाल और श्रीलंका के अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागी भी इस टूर्नामेंट का हिस्सा होंगे। इस टूर्नामेंट में कुल सात लाख रुपये की नकद राशि है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पहली बार इतने बड़े स्तर पर आयोजन हो रहा है जिसमें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भाग लेंगे।

<><><><><><>

अंडमान–निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी और राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन के समन्वय से एच.आई.वी और एड्स के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए रेड रन नाम की एक राज्य स्तरीय मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। पाँच किमी की राज्य स्तरीय मैराथन छब्बीस अगस्त को सुबह छह बजे नेताजी स्टेडियम से शुरू होगी। मैराथन में लगभग चौरासी कॉलेज छात्रों सहित अन्य नागरिक भी हिस्सा लेंगे।

<><><><><><>

गोलघर स्थित कृषि विभाग में पूर्णतः अनुबंध के आधार पर डाटा एंट्री ऑपरेटर और प्रयोगशाला सहायक के पद के लिए आवेदन करने वाले पात्र और अपात्र उम्मीदवारों की सूची प्रशासन की वेबसाइट www.andamannicobar.gov.in पर अपलोड कर दी गई है।

<><><><><><>

ब्रिजगंज स्थित बफल लॉग रेंज में कल छोटे हथियारों का फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। यह अभ्यास सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर एक बजे तक किया जाएगा। इस दौरान सभी नागरिकों को अपने वाहन और मवेशियों को फायरिंग रेंज से दूर रखने को कहा गया है।

<><><><><><>